# अच्चुतम केशवं कृष्ण दामोदरं - भजन

अच्चुतम केशवं कृष्ण दामोदरं,
राम नारायणं जानकी बल्लभम ।

**कौन कहता हे भगवान आते नहीं,**
**तुम मीरा के जैसे बुलाते नहीं ।**

*अच्चुतम केशवं कृष्ण दामोदरं,*
*राम नारायणं जानकी बल्लभम ।*

कौन कहता है भगवान खाते नहीं,
बेर शबरी के जैसे खिलाते नहीं ।

*अच्चुतम केशवं कृष्ण दामोदरं,*
*राम नारायणं जानकी बल्लभम ।*

**कौन कहता है भगवान सोते नहीं,**
**माँ यशोदा के जैसे सुलाते नहीं ।**

*अच्चुतम केशवं कृष्ण दामोदरं,*
*राम नारायणं जानकी बल्लभम ।*

कौन कहता है भगवान नाचते नहीं,
गोपियों की तरह तुम नचाते नहीं ।

*अच्चुतम केशवं कृष्ण दामोदरं,*

*राम नारायणं जानकी बल्लभम ।*

**नाम जपते चलो काम करते चलो,**
**हर समय कृष्ण का ध्यान करते चलो ।**

*अच्चुतम केशवं कृष्ण दामोदरं,*
*राम नारायणं जानकी बल्लभम ।*

याद आएगी उनको कभी ना कभी,
कृष्ण दर्शन तो देंगे कभी ना कभी ।

*अच्चुतम केशवं कृष्ण दामोदरं,*
*राम नारायणं जानकी बल्लभम ।*